लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...दैनिक जागरण...
दिनांक ...7. 3. 2020... पृष्ठ सं. ...17... कॉलम ...2-5...

**कॉन्फ्रेंस** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पौधा जीनोमिक्स-2020 पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

# खेती में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग पर दिया जोर

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान और वनस्पति भौतिकी विभाग द्वारा पौधा जीनोमिक्स-2020 पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत, विशिष्ट अतिथि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के डीन डॉ. राजवीर सिंह उपस्थित रहे। कांफ्रेंस में आए एक्सपर्ट ने वैज्ञानिकों को किसानों के लिए उपयोगी उपकरणों के आविष्कार पर जोर दिया।

इस कांफ्रेंस में छात्रों के पास 40 घंटे का व्यावहारिक सत्र था और 12 प्रख्यात वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों जैसे आणविक मार्कर, स्नैप डिटेक्शन, जीनोमिक सेलेक्शन, क्रिस्पर टेक्नोलॉजी, वायरस डायग्नोस्टिक्स, जीडब्ल्यूएएस आदि पर व्याख्यान दिए हैं। सभी 32 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए।




चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि डा. एसके सहरावत प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए • विज्ञप्ति

इस अवसर पर एडिशनल डायरेक्टर रिसर्च डॉ. नीरज कुमार, डायरेक्टर आरडीएस डॉ. केडी शर्मा, कनाडा स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ लावल के डॉ. एसएम शिवराज, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग के एचओडी डॉ. अशोक छाबड़ा और डॉ. रूपेश देशमुख मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और केरल के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**छात्र स्वयं के वित्त पोषण का मार्ग करें तैयार :** मुख्य अतिथि डॉ. सहरावत ने अनुसंधान के लिए नेटवर्किंग विकसित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों से अपने स्वयं के वित्त पोषण के लिए परियोजनाएं लिखने और समग्र विकास में योगदान देने के लिए अपने आस-पास विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और कार्यक्रमों की गहन जानकारी के लिए आग्रह किया। डॉ. राजवीर ने छात्रों को पारंपरिक उपकरणों के अवरोध को तोड़ने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने और जलवायु स्मार्ट किस्मों को विकसित करने और नैदानिक उपकरण विकसित करने के लिए अनुक्रमण तकनीक से प्रेरित किया जो कृषि क्षेत्र में किसानों को बीमारियों और कीटों की पहचान करने में मदद करते हैं। डॉ. विनोद गोयल ने प्रतिभागियों, विशेषज्ञों और कर्मचारियों को इस कार्यशाला के आयोजन में मदद करने के लिए धन्यवाद दिया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला, दैनिक भास्कर

दिनांक 7.3.2020 पृष्ठ सं 6, 2 कॉलम 4-5, 7

## कार्यशाला में 32 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के वनस्पति विज्ञान और वनस्पति भौतिकी विभाग द्वारा पौधा जीनोमिक्स पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के डॉ. राजवीर सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, यूपी और केरल के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. गोयल ने कार्यशाला के बारे में बताया कि छात्रों के पास 40 घंटे का व्यावहारिक सत्र था और 12 प्रख्यात वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों जैसे आणविक मार्कर, स्नैप डिटेक्शन, जीनोमिक सेलेक्शन, क्रिस्पर टेक्नोलॉजी, वायरस डायग्नोस्टिक्स, जीडब्ल्यूएएस आदि पर व्याख्यान दिए हैं।



## एग्रीकल्चर कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अवेयर कार्यक्रम



**हिसार |** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर कॉलेज में शुक्रवार को महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता के रूप में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता एग्रीकल्चर कॉलेज एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत रहे। डॉ. सहरावत ने कहा कि हमें घर से ही बेटियों को जागरूक करने की जरूरत है। डॉ. मिनाक्षी ग्रेवाल ने महिलाओं को कोरोना वायरस के बारे में जागरूक करते हुए इसके बचाव व लक्षण के बारे में बताया। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ. गोदारा, डॉ. सुनीता मेहला, डॉ. केके वर्मा, डॉ. मनमोहन, छात्राएं, कॉलेज की टीचिंग स्टाफ व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि भूमि........
दिनांक...7.3.2020...... पृष्ठ सं....14...... कॉलम....2-4....

# 'आधुनिक उपकरण इस्तेमाल हों'

■ हकृवि में पौधा जीनोमिक्स पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**



हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. सहरावत प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान और वनस्पति भौतिकी विभाग द्वारा पौधा जीनोमिक्स - 2020 पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सेहरावत थे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के डॉ. राजवीर सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर एडिशनल डायरेक्टर रिसर्च, डॉ. नीरज कुमार, डायरेक्टर आरडीएस डॉ. केडी शर्मा, यूनिवर्सिटी ऑफ़ लावल, कनाडा के डॉ. एसएम शिवसज, एचओडी जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग डॉ. अशोक छाबड़ा और डॉ रूपेश देशमुख मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पांच प्रदेशों के पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, यूपी और केरल के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. राजवीर ने छात्रों को पारंपरिक उपकरणों के अवरोध को तोड़ने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने और जलवायु स्मार्ट किस्मों को विकसित करने और नैदानिक उपकरण विकसित करने के लिए अनुक्रमण तकनीक से प्रेरित किया।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...........पंजाब केसरी...........

दिनांक 7.3.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# पौधा जीनोमिक्स -2020 पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

## वायरस डायग्नोस्टिक्स पर वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिए



*मुख्यातिथि डा. सहरावत प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए।*

हिसार, 6 मार्च (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान और वनस्पति भौतिकी विभाग द्वारा पौधा जीनोमिक्स -2020 पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन किया गया। मुख्यातिथि निदेशक अनुसंधान डा. एस.के. सहरावत थे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अधिष्ठाता, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के डा. राजवीर सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में 5 राज्यों पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और केरल के 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों के पास 40 घंटे का व्यावहारिक सत्र था और 12 प्रख्यात वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों जैसे आणविक मार्कर, स्नैप डिटैक्शन, जीनोमिक सिलैक्शन, क्रिस्पर टैक्नोलॉजी, वायरस डायग्नोस्टिक्स, जी.डब्ल्यू.ए.एस. आदि पर व्याख्यान दिए हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर एडिशनल डायरैक्टर रिसर्च, डा. नीरज कुमार, डायरैक्टर आर.डी.एस. डा. के.डी. शर्मा, यूनिवर्सिटी ऑफ लावल, कनाडा के डा. एस.एम. शिवराज, एच.ओ.डी. जैनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग डा. अशोक छाबड़ा और डा. रूपेश देशमुख मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....हरि: भूमि....

दिनांक 7. 3. 2020 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 5-8

## हकृवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार

# बेटियों को घर में जागरूक करना जरूरी

- लिंग भेद के विषय की संवेदनशीलता के बारे में बताया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में महिलाओं की जागरूकता के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत थे।



हिसार। कृषि महावद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित वैज्ञानिक व महिला शक्ति।

डॉ. सहरावत ने कहा कि हमें अपने घर से ही बेटियों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने लिंग भेद के विषय की संवेदनशीलता के बारे में बताया। डॉ. मिनाक्षी ग्रेवाल ने महिलाओं को कोरोना वायरस बीमारी के बारे में जागरूक किया। डॉ. संगीता सांगवान ने दांतों में लगने वाली बिमारियों जैसे पायरिया, पीलापन, कीड़ा लगना व ब्रुश करने का सही तरीका बताया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज, सरोज इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस ने दुर्गा शक्ति एप्प डाउनलोड सभी महिलाओं को करवाई। वरिष्ठ वकील गोपीचन्द वर्मा ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों बारे चर्चा की। एडवोकेट छाबड़ा ने जेंडर संसीटाइजेशन के विषय के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ. गोदारा, डॉ. सुनीता महला, डॉ. केके वर्मा, डॉ. मनमोहन, छात्राएं, कॉलेज की टीचिंग स्टाफ व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: अमर उजाला
दिनांक: 7.3.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1:3

# 'घर से ही बेटियों को जागरूक करने की जरूरत'

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक जागरूकता के रूप में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. एसके सहरावत थे।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित वैज्ञानिक व महिला शक्ति टीम।

डॉ. सहरावत ने कहा कि हमें अपने घर से ही बेटियों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने लिंग भेद के विषय की संवेदनशीलता के बारे में बताया। डॉ. मीनाक्षी ग्रेवाल ने महिलाओं को कोरोना वायरस भयानक रूप धारण कर रही है, उसके प्रति हमें कैसे जागरूक रहना है व और लोगों को भी करना हैं। डॉ. संगीता सांगवान ने दांतों के रख रखाव के बारे में बताया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज, सरोज इंस्पेक्टर, हरियाणा पुलिस ने महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप डाउनलोड करवाई व इसके बारे में जानकारी दी। एडवोकेट गोपीचंद वर्मा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में चर्चा की। एडवोकेट छाबड़ा ने जेंडर संसीटाइजेशन के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर एसोसिएट डीन डॉ. गोदारा, डॉ. सुनीता मेहला, डॉ. केके वर्मा, डॉ. मनमोहन, छात्राएं, कॉलेज की टीचिंग स्टाफ व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहें।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......
दिनांक...7.3.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....3-6...

आंध्र प्रदेश की श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में हुई 20वीं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप

# इंटर विवि चैंपियनशिप में एचएयू के खिलाड़ियों ने 1 गोल्ड, 8 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता

भास्कर न्यूज़ | हिसार

आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में हुई 20वीं अखिल भारतीय अंतर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में एचएयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विवि के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में एक गोल्ड, आठ सिल्वर और एक कांस्य पदक हासिल किया।

सह छात्र कल्याण निदेशक खेल डॉ. सुशील लेगा ने बताया कि 1 से 5 मार्च तक आंध्र प्रदेश के तिरूपति स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में 20वीं इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसमें एचएयू के 40 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने के लिए गए थे। बताया



इंटर विवि चैंपयिनशिप में विजेता एचएयू की टीम के खिलाड़ी और अन्य।

कि भाला फेंक में विवि के मुकुल ने गोल्ड, 800 और 1500 मी. दौड़ में आरुषि ने सिल्वर मेडल, लंबी कूद में दिनेश ने सिल्वर, लंबी कूद में सिमरन ने सिल्वर, 200 मीटर में निर्मला ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इसके अलावा बैडमिंटन पुरुष वर्ग और बॉलीवाल महिला वर्ग की टीम ने भी सिल्वर मेडल हासिल किए। जबकि चार गुणा 100 रिले रेस में महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। विवि के कुलपति डॉ. केपी सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों ने विवि का नाम रोशन किया है। लौटने पर सभी को सम्मानित किया जाएगा। अन्य को भी खिलाड़ियों से सीख लेनी चाहिए। एचएयू के छात्रा आरुषि ने तिरूपति में हुई इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में दो सिल्वर मेडल हासिल किए। कुलपति ने बताया कि इससे पूर्व में भी आरुषि कई चैंपियनशिप में भाग लेकर विवि का नाम रोशन कर चुकी है। वर्ष 2017-18 में आरुषि ने बेस्ट एथलीट का खिताब भी अपने नाम किया था। एथलेटिक्स कोच ओपी भादू, कबड्डी कोच निर्मल सिंह, बॉलीवाल कोच इंदू, बॉस्केट बॉल कोच रमेश चौधरी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 7.3.2020 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 3-5

# विदेशी छात्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश के बाद शुक्रवार को सुबह से ही मेडिकल विभाग की टीम ने सर्विलांस का काम शुरू कर दिया गया। इसके लिए छात्रों के इंटरनेशनल हॉस्टल में सबसे पहले टीम पहुंची। यहां विदेशी छात्रों को कोरोना वायरस के लक्षण बताए गए, फिर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। इसके बाद टीम कैलाश हॉस्टल- एक में पहुंची। यहां भी छात्रों को कोरोना के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों के भोजन करते समय भी चिकित्सा विभाग व विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से अधिकारी पहुंचे, यहां उन्हें भोजन ग्रहण करते समय साफ-सफाई रखने के बारे में बताया गया।

## परीक्षा शुरू होने से पहले कोरोना से बचाव का पढ़ाया पाठ

शुक्रवार से एचएयू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू हो गई। परीक्षार्थी परीक्षा देते इससे पहले ही उन्हें कोरोना वायरस के संबंध में क्या करना है और क्या नहीं करना इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद किस प्रकार से परीक्षा देनी है, यह भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को पंफलेट्स भी वितरित कराए गए। जागरूकता कैंपेन एचएयू में ही नहीं बल्कि गुरु जंभेश्वर तकनीक एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय में भी दी जा रही है। विवि प्रशासन की तरफ से अधिकारी विदेशी छात्रों से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही अन्य छात्र-छात्राओं को भी बचाव की जानकारी दी जा रही है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर, हरि भूमि, दैनिक जागरण
दिनांक........................ पृष्ठ सं. 2, 11, 17 कॉलम 1, 1, 7-8

## उत्तम बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण 16 मार्च से

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रामधन बीज फार्म द्वारा 16 से 18 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसका विषय हरियाणा में 'फसल उत्पादन वृद्धि एवं गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन' रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को फसल, सब्जी व बागवानी में प्रयोग होने वाले बीजों के उत्पादन व रखरखाव के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

## हकृवि में बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण 16 से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रामधन बीज फार्म द्वारा 16-18 मार्च को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय हरियाणा में फसल उत्पादन वृद्धि एवं गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को फसल, सब्जी व बागवानी में प्रयोग होने वाले बीजों के उत्पादन व रखरखाव के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

## एचएयू में बीज उत्पादन पर 16 से दिया जाएगा प्रशिक्षण

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के रामधन बीज फार्म द्वारा 16 से 18 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ... को इससे संबंधित विषय सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। जो किसान इस प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते है वे लुदास रोड स्थित रामधन सिंह बीज